दिनांक : 09.12.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रात:कालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- भोपाल में 21 दिसंबर को मेट्रो का होगा शुभारंभ और प्रदेश में दो लाख करोड़ के कार्यों के भूमि-पूजन और लोकार्पण कार्यक्रम होंगे।
- खजुराहो में आज कैबिनेट बैठक और एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में 1 हजार 857 करोड रुपये होंगे टांसफर।
- प्रदेश के चार जिलों में बनेंगे विशेष जनजातीय सांस्कृतिक केंद्र, मुख्यमंत्री ने खजुराहो में की छह से अधिक विभागों की समीक्षा।
- भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 5 मैचों की क्रिकेट टी-20 श्रृंखला आज से।

मुख्यमंत्री: मेट्रो शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कल खजुराहो में प्रेस वार्ता में बताया कि इसी माह की 21 तारीख को भोपाल नगर को मेट्रो की सौगात दी जाएगी। भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर सरकार द्वारा लगभग दो लाख करोड़ के अलग-अलग कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि सरकार के माध्यम से बुन्देलखंड का विकास एवं उत्थान के लिये कार्ययोजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बुन्देलखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों के विकास एवं उत्थान के लिए सरकार कटिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार और जनता के बीच दूरी कम करने के लिए अब अलग-अलग क्षेत्रों के विकास के लिए उन्हीं क्षेत्रों में कैबिनेट मीटिंग आयोजित की जाएगी।

कैबिनेट बैठक-खजुराहो

खजुराहो में आज मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक होने जा रही है। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा होगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री महाराजा कन्वेंशन सेंटर में महाराजा छत्रसाल और सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री छतरपुर जिले के राजनगर में आयोजित महिला सम्मेलन में शामिल होंगे और मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में प्रदेश की एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में 1 हजार 857 करोड़ से अधिक रुपये अंतरित करेंगे। साथ ही विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी करेंगे।

शिवराज-कृषि शिखर सम्मेलन

केंद्रीय कषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वर्ष 2014 से भारत के गन्ना उत्पादन में 44 प्रतिषत की वद्धि हुई है। नई दिल्ली में कल कषि व्यवसाय शिखर सम्मेलन 2025 में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने बाजार हस्तक्षेप योजना के अंतर्गत किसानों की उपज का उचित मूल्य प्रदान करने के लिए एक प्रवधान पेष किया है। श्री चौहान ने कहा-

विमानन सचिव - इंडिगो

नागरिक उड्डयन सचिव, समीर कुमार सिन्हा ने कहा है कि उड़ान संचालन लगभग सामान्य हो गया है। उन्होंने बताया कि इंडिगो ने कल एक हजार 800 से ज़्यादा उड़ानें संचालित कीं, जो उसकी सामान्य स्थिति के करीब है। श्री सिन्हा ने कहा कि एयरलाइन ने लगभग सभी रिफंड पूरे कर लिए हैं। उन्होंने आगे कहा कि लगभग 90 प्रतिशत सामान पहले ही पहुँचा दिया गया है, और एयरलाइन शेष बैग यात्रियों के दिए गए पते पर भेजने में सक्रिय रूप से जुटी है।

इलेक्ट्रिक वाहन-कर छूट

मध्यप्रदेश डि-डुप्लीकेशन की लंबित प्रविष्टियों को शून्य करने वाला राज्य बन गया है। इस कार्यवाही का फायदा उन समस्त 2 लाख 50 हजार वाहन स्वामियों को मिला है, जो अब परिवहन विभाग की ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग कर पा रहे हैं। देश में समस्त राज्यों के परिवहन विभाग द्वारा वाहनों के पंजीयन एवं उनके स्थानान्तरण के संबंध में विभिन्न परिवहन कार्यालयों (आरटीओ) में समय-समय पर प्रविष्टियां की जाती हैं।

## विभागीय समीक्षा बैठकें-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कल खजुराहो में अनुसूचित जाति कल्याण, जनजातीय कार्य विभाग, नगरीय विकास एवं आवास और औद्योगिकी नीति सहित छह प्रमुख विभागों के कामकाज को लेकर समीक्षा बैठकें कीं। बैठक के दौरान सरकार की दो साल की उपलब्धियां बताई गईं और आगामी तीन साल में किए जाने कार्यों को लेकर प्रेजेंटेषन दिया गया।

जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मंडला में बैगा जनजाति, छिंदवाड़ा में भारिया, श्योपुर में सहरिया और धार में भील जनजाति के लिए सांस्कृतिक केंद्र बनाए जाएंगे। आने वाले तीन सालों में प्रत्येक जनजातीय विकासखण्ड में सांदीपनि विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर और बालक आदर्श आवासीय विद्यालय की स्थापना की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देष दिए कि अधोसंरचना विकास के प्रत्येक कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करें।

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के बीड़ी श्रमिकों को रोजगार की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए वन विभाग से समन्वय कर समुचित समाधान निकालने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता मध्यप्रदेश की संपत्ति है। इससे मिलने वाला रोजगार यहीं के लोगों को मिलना चाहिए। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेष में राजस्व महाअभियान फिर चलाए जाने के निर्देष दिए हैं। वहीं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की बैठक में बताया गया कि उज्जैन में वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ की सभी तैयारियां की जा रही हैं। अखाडों को आवष्यक राषन उपलब्ध कराने के लिए 40 अतिरिक्त उचित मूल्य की दुकानें स्थापित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने एमएसएमई, तकनीकी षिक्षा, कौषल विकास और रोजगार विभागों की भी समीक्षा की।

## मतदाता सूची-विशेष गहन पुनरीक्षण

मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के प्रथम चरण के अंतर्गत गणना पत्रकों के प्रकाशन और प्राप्ति के दौरान अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की पहचान और सत्यापन के लिए प्रदेश के सभी जिलों के मतदान केन्द्रों पर 10 दिसंबर तक बीएलओ-बीएलए और सहयोगी कार्मिकों की बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

## एसआईआर-जबलपुर

देश भर में चल रहे मतदाता गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन कार्य में जबलपुर जिले ने निर्धारित समय सीमा से तीन दिन पहले ही शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लोकतंत्र के प्रति अपनी सहभागिता दर्ज कर ली है। पेश है एक रिपोर्ट ...

## क्रिकेट - भारत-दक्षिण अफ्रीका टी20

क्रिकेट में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 5 मैचों की टी-20 श्रृंखला आज से शुरू हो रही है। पहला मैच ओडिशा के कटक स्थित बाराबती स्टेडियम में शाम सात बजे से खेला जाएगा।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मैच से पहले प्रेस वार्ता में बताया कि टीम इंडिया ने 2024 के टी-20 विश्व कप के तुरंत बाद 2026 के टी-20 विश्व कप की तैयारी शुरू कर दी थी। श्रृंखला का दूसरा मैच गुरुवार को चंडीगढ़ के मुल्लांपुर में, तीसरा मैच धर्मशाला में, चौथा मैच लखनऊ में और अंतिम मैच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत वनडे में 2-1 की जीत के बाद टी-20 श्रृंखला में उतरेगा।

## सागर: सडक दुर्घटना

सागर जिले में कल सागर-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम रुरावन के पास दो तेज रफ्तार बाइकों के बीच भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। छानबीला थाना पुलिस और एसडीओपी प्रदीप वाल्मीकि ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है, वहीं, घायल को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## मौसम

प्रदेष में इस समय कडाके की ठंड पड रही है। बर्फीली हवाओं ने लोगों को घरों में बने रहने पर मजबूर कर दिया है। राजधानी भोपाल में पिछले तीन दिनों से लगातार षीतलहर का असर बना हुआ है, जबकि इंदौर, उज्जैन और जबलपुर संभाग के कई क्षेत्रों में कोल्ड डे की स्थिति दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक प्रदेष में मौसम ऐसा ही बने रहने की संभावना है।

-------